# अकादमिक लेखन में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश आवश्यक

**खास बात**

**राष्ट्रीय कार्यशाला में पचास से अधिक शोधार्थियों ने किया प्रतिभाग**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस आयोजन एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया।

कार्यशाला के दूसरे व अंतिम दिन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक हिमांशु शर्मा ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं से आमंत्रित मुख्य वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत करते हुए शोधार्थियों को अवगत कराया। कार्यशाला के मुख्य वक्ताओं डॉ0 किरन चौधरी, शिवाजी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ0 सुप्रिया रामलाल, आनंद कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ0 जूही अग्रवाल डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर तथा प्रोफेसर नेहा शर्मा का अभिनंदन पुष्प माला पहनाकर और बैज लगाकर किया गया। प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य जेएस हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा का स्वागत डॉ0 निखिल दास, मनोविज्ञान विभाग और विकास मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

कार्यशाला की प्रथम वक्ता डॉ0 किरन चौधरी, शिवाजी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अनुसंधान में नैतिक विचार, एआई में अवसर और अनुप्रयोग, वैज्ञानिक अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ और खतरों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के संचालक डॉक्टर अनुराग पांडे संयुक्त संयोजक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारतीय ज्ञान परंपरा तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषयों पर शोधार्थियों का उन्मुखीकरण कराया।




डॉ0 सुप्रिया रामलाल ने भारतीय ज्ञान व्यवस्था और एकेडमिक राइटिंग विषय पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन से शोधार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने बताया कि अकादमिक लेखन में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश बहुत आवश्यक है।

प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने प्रोफेसर नेहा शर्मा को स्मृति सिंह भेंट कर उनका सम्मान किया। डॉ0 जूही अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट तथा फंडिंग एजेंसीज विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने परियोजना दाखिल करना और वित्तपोषण करना, सहयोगात्मक अनुसंधान, अंतःविषय अनुसंधान पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने शोधार्थियों को कार्यशाला में प्रतिभा करने के लिए उत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर 50 से अधिक शोधार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

इस दौरान डॉ0 राजन लाल, डॉ0 मोहम्मद तारिक, डॉ0 विजय यादव, डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 मोहित शर्मा, डॉ0 सचिन कुमार, डॉ0 तीर्थराज, डॉ0 मुकेश कुमार, डॉ0 राजकिशोर शुक्ला, डॉ0 मनमोहन सिंह, डॉ0 सईदुल हसन, डॉ0 जावेद, डॉ0 अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



आल दिव्यांग विकास संगठन मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए।

## दिव्यांगों ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

अमरोहा। आल दिव्यांग विकास संगठन पदाधिकारियों ने विश्व दिव्यांग दिवस काला दिवस के रूप में मनाया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हमारी मांगें 17 सालों से पूरी नहीं हुई हैं। दिव्यांगों को चार प्रतिशत आरक्षण होने के चलते विधानसभा व लोकसभा में सीट रिजर्व कराने की मांग उठाई। दिव्यांगों के गैस कनेक्शन, बिजली बिल माफ करने, निशुल्क आवास देने, रोजगार के लिए एक से पांच लाख रुपये तक का लोन बिना ब्याज उपलब्ध कराने की मांग की। पेंशन समेत अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी कमर आलम, आदि रहे।



अमरोहा के जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला में मौजूद वक्ता।

## भारतीय ज्ञान व्यवस्था पर रखे विचार

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर गोष्ठी हुई। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक हिमांशु शर्मा ने वक्ता डा. किरन चौधरी, डा. सुप्रिया कामना, डा. जूही अग्रवाल, प्रोफेसर नेहा शर्मा का स्वागत किया। डा. किरन चौधरी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अनुसंधान में नैतिक विचार, एआई में अवसर व अनुप्रयोग आदि पर विचार रखे। संचालक डा. अनुराग पांडे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारतीय ज्ञान परंपरा व प्रोजेक्ट ... शोधार्थियों का उन्मुखीकरण किया।

स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नव्या, 200 व 400 समूह गान में उच्च प्राथमिक विद्यालय तिगरिया खादर, लोकगीत सिंह, जयवीर सिंह, विपिन पंघाल, संगीता गौतम आदि मौजूद रहे।

# अकादमिक लेखन में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश बेहद आवश्यक : डॉ. हिमांशु

## जेएस कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमरोहा।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंगलवार को दूसरे दिन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर चर्चा की गई।

प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. हिमांशु शर्मा ने भारतीय ज्ञान व्यवस्था व एकेडमिक राइटिंग विषय के बारे में बताया। बताया कि अकादमिक लेखन में भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेश बहुत जरूरी है। डॉ. जूही अग्रवाल ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट तथा फंडिंग एजेंसीज विषय पर जानकारी दी।

उन्होंने परियोजना दाखिल करना और वित्तपोषण करना, सहयोगात्मक अनुसंधान, अंतः विषय अनुसंधान पर प्रकाश डाला। डॉ. जूही अग्रवाल ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट तथा फंडिंग एजेंसीज विषय की जानकारी दी।

प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने शोधार्थियों को कार्यशाला में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। इस मौके पर 60 से अधिक शोधार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला में डॉ. किरन चौधरी, डॉ. सुप्रिया कामना, रामलाल, प्रोफेसर नेहा शर्मा, डॉ.अनुराग पांडे, डॉ. राजन लाल, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. विजय यादव, डॉ. मोहित शर्मा मौजूद रहे।



पढ़ें, कहां मिल रही हैं कितनी नौकरियां amarujala.com पर

EDUCATION HUB

चौधरी, रावपाल सिंह, जगत सिंह चौहान, गजराम आदि मौजूद रहे।

पार्टी ने मुकेश चौधरी की पत्नी को अपना प्रत्याशी घोषित किया था।

ने उनके शामिल नहीं होने की बात कहीं थी। अब पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर जंगल से

# एआइ के प्रति शोधार्थियों का किया मार्गदर्शन



जेएस हिंदू पीजी कालेज में हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में मौजूद स्टाफ • जागरण

जासं, अमरोहा : जेएस हिंदू पीजी कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन किया गया। दिवस आयोजन एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त संयोजक डा. अनुराग पांडेय व हिमांशु ने शोधार्थियों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआइ) भारतीय ज्ञान परंपरा तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषयों के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता शिवाजी कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय की डा. किरन चौधरी, रामलाल आनंद कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय की डा. सुप्रिया कामना, वर्धमान कालेज बिजनौर की डा. जूही अग्रवाल, महर्षि मारकंडेश्वर अंबाला की प्रोफेसर नेहा शर्मा को पुष्पमाला व बैज लगाकर सम्मानित किया। कार्यशाला की प्रथम वक्ता किरन चौधरी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अनुसंधान में नैतिक विचार, एआइ में अवसर और अनुप्रयोग, वैज्ञानिक अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ और खतरों को रेखांकित किया प्राचार्य डा. वीर वीरेंद्र सिंह ने शोधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यशाला के सफल समापन पर बधाई दी। डा. राजन लाल, डा. मोहम्मद तारिक, डा. विजय यादव, डा. मोहित शर्मा, डा. सचिन कुमार, डा. तीर्थराज, डा. सत्य प्रकाश परमार, डा. नीरज त्यागी, डा. गीतांजलि, डा. अरविंद यादव, डा. मयंक अरोड़ा, डा. जगदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जेएस हिन्दू पीजी कालेज में हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला




**अमरोहा(विधान केसरी)।** जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. गजेंद्र दत्त शर्मा ने अपने व्याख्यान में अकादमिक राइटिंग विषय के अंतर्गत शोध पत्र तथा शोध प्रबंध के लेखन में अंतर तथा समानताओं को उजागर करते हुए रिव्यु ऑफ लिटरेचर, थीसिस लेआउट, वर्क साइटड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रोफेसर नेहा शर्मा ने अपने व्याख्यान में साइंटिफिक राइटिंग, आइएसएसएन, आइएसबीएन, साइटेशन, प्लेजियरिजम, वैज्ञानिक शोध में रिट्रेक्शन, रिसर्च ड्राफ्ट, जैसे महत्वपूर्ण शोध विषयों के बारे में व्यवहारिक तरीके से शोधाथियों को अवगत कराया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त समन्वयक डॉ. अनुराग पांडे ने कार्यशाला के रूपरेखा का विवरण प्रस्तुत करते हुए अकादमिक लेखन च अनुसंधान की संरचना तथा उसकी परस्पर उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान 60 से अधिक शोधार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. राजन लाल, डॉ. अचिन पांचाल, डॉ सत्यप्रकाश परमार, डॉ. बबलू सिंह, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. संगीता धामा, डॉ. सविता, डॉ. विशेष कुमार राय आदि मौजूद रहे।

नाबंदी करते भारतीय किसान यूनियन असली कार्यकर्ता। •हिन्दुस्तान

अध्यक्ष डूंगर सिंह ने बताया कि कुछ समितियों पर खाद मंगलवार को पहुंच जाएगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कलवा खां, राजवीर सिंह, जाकिर, कपिल कुमार, जावेद मलिक, फिरोज, इश्तियाक अल्वी, शब्बन खां आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जितेंद्र सिंह, अजय सिद्धू, उमेश पाल सिंह, रेखा रानी आदि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मोहित प्रथम द्वितीय, मोनी तृतीय स्थान पर रहीं। कुर्सी दौड़ प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में आदि प्रथम, मोहित द्वितीय व आहद तृतीय, बालिका वर्ग में सुहाना प्रथम, रुकैया द्वितीय, राबिया तृतीय स्थान पर रहीं।

# कार्यशाला में 60 शोधार्थियों ने किया प्रतिभाग

अमरोहा, संवाददाता। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन एकेडमिक राइटिंग एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विषय पर किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजन में आयोजित कार्यशाला में कोर्डिनेटर डा. हिमांशु शर्मा ने वक्ताओं का परिचय कराते हुए स्वागत किया।

सोमवार को कार्यशाला के पहले दिन मुख्य वक्ता डा. गजेंद्र दत्त शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश बरेली कॉलेज, डा. नेहा शर्मा प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ बायो साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी कोर्डिनेटर, एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप, महर्षि मारकंडेश्वर डीम्ड यूनिवर्सिटी अंबाला रहीं। मंच संचालक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त समन्वयक डा. अनुराग पांडे ने कार्यशाला की रूपरेखा का विवरण प्रस्तुत किया। अकादमिक लेखन व अनुसंधान की संरचना समेत उसकी परस्पर उपयोगिता की जानकारी दी। डा. गजेंद्र दत्त शर्मा ने अकादमिक राइटिंग विषय के अंतर्गत शोध पत्र व शोध प्रबंध के लेखन में अंतर तथा समानताओं को उजागर करते हुए रिव्यू ऑफ लिटरेचर, थीसिस लेआउट, वर्क साइटड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। 60 से अधिक शोधार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस दौरान डा. बबलू सिंह, डा. हरेंद्र कुमार, डा. रश्मि गुप्ता, डा. संगीता धामा, डा. सविता, डा. विशेष कुमार राय, डा. शबीना लकी, डा. आभा सिंह, डा. मोहित शर्मा आदि रहे।




अमरोहा के जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला में मौजूद वक्ता।



जेएस हिंदू पीजी कॉलेज विश्व एड्स दिवस पर ज

## विश्व एड्स दिवस पर कार्यश

अमरोहा। विश्व एड्स दिवस पर सोमवार कैलसा मार्ग स्थित विज्ञान परिसर में कार्य महावीर मेडिकल कॉलेज मुरादाबाद के क संयुक्त संयोजन में हुए आयोजन में एड्स फैलने के कारण, रोकथाम, आईसीटीसी चर्चा की गई। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रमेश अशोक सैनी, डा. श्वेता, डा. खुशी, संयो प्रति जागरूकता का आह्वान किया।



## घरेलू कलह में विवाहिता ने

# पत्थर के बांटों से लुढ़क रही सब्जियों से लेकर दाल, चावल तक की तौल